**भारत सरकार Government of India**
**अंतरिक्ष विभाग Department of Space**
**भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन Indian Space Research Organisation**
**अंतरिक्ष उपयोग केंद्र SPACE APPLICATIONS CENTRE**
**अहमदाबाद Ahmedabad 380 015**

## विज्ञापन सं./ADVERTISEMENT NO.: सैक SAC:02:2023, दिनांक Dated 21.06.2023

अंतरिक्ष उपयोग केंद्र (सैक), अहमदाबाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो), अंतरिक्ष विभाग (अं.वि.) का एक अग्रणी केंद्र है। सैक राष्ट्रीय विकास से संबंधित विभिन्न अनुप्रयोगों के लिए इसरो के स्थलीय एवं ग्रहीय मिशन तथा अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के प्रचालनीकरण हेतु अंतरिक्ष वाहित यंत्रों की डिजाइन तथा विकास का कार्य करता है।

Space Applications Centre (SAC), Ahmedabad is one of the lead Centres of Indian Space Research Organisation (ISRO), Department of Space (DOS). SAC focuses on the design and development of space borne instruments for terrestrial and planetary missions of ISRO and operationalization of space technology for various applications related to national development.

**अंतरिक्ष उपयोग केंद्र (सैक) पात्र अभ्यर्थियों से निम्नलिखित पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है:**

**Space Applications Centre (SAC) invites online applications for the following posts from eligible candidates:**

| पद कोड Post Code | पद का नाम Name of the Post | रिक्तियों की संख्या एवं आरक्षण विवरण Total No. of Vacancies and Reservation Details | अनिवार्य अर्हताएं Essential Qualifications |
|---|---|---|---|
| 01 | **कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी**<br><br>**Junior Translation Officer** | **कुल Total – 01**<br>**(अना. UR – 01)** | स्नातक में अनिवार्य या चयनित विषय के रूप में या परीक्षा के माध्यम के रूप में अंग्रेजी विषय के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी विषय में स्नातकोत्तर डिग्री ।<br><br>Master’s degree from a recognized University in Hindi with English as a compulsory or elective subject or as the medium of examination at the degree level<br>**या OR**<br>स्नातक में अनिवार्य या चयनित विषय के रूप में या परीक्षा के माध्यम के रूप में हिंदी विषय के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी विषय में स्नातकोत्तर डिग्री।<br>Master’s degree from a recognized |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | University in English with Hindi as a compulsory or elective subject or as the medium of examination at the degree level<br>**या OR**<br>स्नातक में हिंदी माध्यम या अनिवार्य या चयनित विषय या परीक्षा के माध्यम के रूप में अंग्रेजी विषय के साथ , हिंदी या अंग्रेजी के अलावा किसी भी विषय में मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर डिग्री।<br><br>Master's degree from a recognized University in any subject other than Hindi or English, with Hindi medium and English as a compulsory or elective subject or as the medium of examination at the degree level<br>**या OR**<br>स्नातक में अंग्रेजी माध्यम और अनिवार्य या चयनित विषय या परीक्षा के माध्यम के रूप में हिंदी विषय के साथ ,हिंदी या अंग्रेजी के अलावा किसी भी विषय में मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर डिग्री।<br><br>Master's degree from a recognized University in any subject other than Hindi or English, with English medium and Hindi as a compulsory or elective subject or as the medium of examination at the degree level<br>**या OR**<br>स्नातक में अनिवार्य या चयनित विषयों या परीक्षा के माध्यम के रूप में दोनों विषयों में किसी एक विषय और दूसरे अनिवार्य या चयनित विषय के रूप में हिंदी और अंग्रेजी के साथ ,हिंदी या अंग्रेज़ी के अलावा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर डिग्री।<br><br>Master's degree from a recognized University in any subject other than Hindi or English, with Hindi and English as compulsory or elective subjects or either of the two as a medium of examination and the other as a compulsory or elective subject at degree level |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | **और AND**<br>हिंदी से अंग्रेजी और विपरीतत: अनुवाद में मान्यता प्राप्त डिप्लोमा या प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम या भारत सरकार के उपक्रमों सहित केंद्रीय या राज्य सरकार कार्यालय में हिंदी से अंग्रेजी और विपरीतत: अनुवाद कार्य में दो वर्षों का अनुभव।<br>Recognized Diploma or Certificate course in Translation from Hindi to English and vice-versa or two years experience of translation work from Hindi to English and vice-versa in Central or State Government Office, including Government of India undertakings. |
| 02 | **कैंटीन पर्यवेक्षक Catering Supervisor** | **कुल Total – 01 (अना. UR – 01)** | एक वर्ष के अनुभव के साथ , होटल मैनेजमेंट; या होटल मैनेजमेंट एवं कैटरिंग टेक्नॉलॉजी; या हॉस्पिटैलिटी एवं होटल प्रशासन; या केटरिंग साइंस एवं होटल मैनेजमेंट में स्नातक की उपाधि ; Bachelors' Degree in Hotel Management; or Hotel Management & Catering Technology; or Hospitality & Hotel Administration; or Catering Science & Hotel Management with *one year experience*.<br>**या OR**<br>कैटरिंग में डिप्लोमा + 3 वर्ष का अनुभव<br>Diploma in Catering+ *3 years' experience .*<br>**या OR**<br>होटल मैनेजमेंट में स्नातकोत्तर डिप्लोमा + 2 वर्ष का अनुभव<br>PG Diploma in Hotel Management + *2 years' experience*<br><br>**अनुभव,** किसी औद्योगिक कैंटीन अथवा सुस्थापित होटल में 300 से अधिक लोगो के लिए केटरिंग में पर्यवेक्षक की हैसियत में होना चाहिए। अभ्यर्थी को आधुनिक रसोई उपकरणों का उपयोग करते हुए उच्च श्रेणी की केन्टीन सेवा प्रदान करने में सक्षम होना चाहिए।<br>सम्बंधित योग्यता प्राप्त करने के बाद अनुभव प्राप्त किया गया हो।<br>The **experience** should be in supervisory capacity in an Industrial Canteen or an established Hotel |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | catering to more than 300 persons. Candidates should be capable of providing top grade canteen services using modern state of the art kitchen equipment. The experience should be after obtaining the relevant qualification. |

**संक्षिप्तियाँ: अना.-अनारक्षित, Abbreviations: UR – Un-Reserved.**

| वेतन मैट्रिक्स में वेतन एवं स्तर PAY & LEVEL IN THE PAY MATRIX | | |
|---|---|---|
| **पद कोड Post Code-01 कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी Junior Translation Officer** | **स्तर-Level-06 (Rs. 35,400 – Rs.1,12,400)** | इसके अतिरिक्त उपरोक्त विषय पर मौजूदा नियमों के अनुसार महँगाई भत्ता (डी.ए.), मकान किराया भत्ता (एच. आर. ए) तथा परिवहन भत्ता देय होगा। कर्मचारियों को नई पेंशन योजना में शामिल किया जाएगा। इसके साथ स्वयं एवं आश्रितों के लिए चिकित्सकीय सुविधाएं, रियायती दर पर कैंटीन सुविधा, क्वार्टरों की सीमित सुविधा (एच.आर.ए. के एवज में), यात्रा छुट्टी रियायत, समूह बीमा, मकान बनाने हेतु अग्रिम इत्यादि केंद्रीय सरकार के आदेशानुसार दिया जाएगा।<br>In addition, Dearness Allowance (DA), House Rent Allowance (HRA) and Transport Allowance are payable as per extant rules on the subject. The employees will be governed by the New Pension System. Further, medical facilities for self and dependents, subsidised canteen, limited quarters facility (in lieu of HRA), Leave Travel Concession, Group Insurance, House Building Advance etc. are admissible as per Central Government orders. |
| **पद कोड Post Code-02 कैंटीन पर्यवेक्षक Catering Supervisor** | | |

| आयु सीमा AGE LIMIT | |
|---|---|
| **पद कोड Post Code-01 & 02** | **11.07.2023** को 18 से 35 वर्ष तक<br>18 to 35 years as on **11.07.2023** |

**नोट/ NOTE :** भूतपूर्व सैनिक (ईएसएम), मानक दिव्यांग व्यक्ति (पीडब्ल्यूबीडी), सेवारत सरकारी कर्मचारियों, भारत सरकार के आदेशों के अनुसार आयु में छूट के पात्र हैं। Ex-servicemen (ESM), Persons with Benchmark Disabilities (PwBD), serving Govt. employees, are eligible for age relaxation as per Government of India Orders.

**चयन प्रक्रिया SELECTION PROCEDURE**

**(I) स्क्रीनिंग प्रक्रिया (दोनों पद के लिए) Screening Process (for both the posts)**

निर्धारित अनिवार्य अर्हता **न्यूनतम** आवश्यकता है तथा केवल यह ही अभ्यार्थियों को लिखित परीक्षा के लिए योग्य नहीं बनाता है। आवश्यकता होने पर, ऑन-लाइन आवेदन पत्र में उल्लिखित जानकारी के आधार पर पहले स्क्रीनिंग की जाएगी तथा केवल स्क्रींड-इन अभ्यर्थियों को ही लिखित परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा।

The essential qualification prescribed are the **MINIMUM** requirements and only possession of the same does not make the candidates eligible to be called for Written Test. If required, there will be an initial screening, based on the information furnished in

<table>
<tr><td colspan="2">online application and only those screened-in candidates will be called for the Written Test.</td></tr>
<tr><td colspan="2">(II) द्वि-स्तरीय नियुक्ति प्रक्रिया - दोनों पद के लिए :<br>(1) लिखित परीक्षा और (2) कौशल परीक्षा<br>Two Level recruitment process- For both the posts:<br>(1) Written Test and (2) Skill Test.</td></tr>
<tr><td><u>पद कोड POST CODE– 01</u><br><br><u>कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी</u><br><br><u>JUNIOR TRANSLATION OFFICER</u></td><td>(1) <u>लिखित परीक्षा / WRITTEN TEST</u><br>(i) लिखित परीक्षा कागज़-कलम आधारित परीक्षा होगी। लिखित परीक्षा में 100 अंकों हेतु भाग–क (वस्तुनिष्ठ प्रश्न) एवं भाग–ख (विवरणात्मक प्रश्न ) शामिल है। The Written Test will be a pen-paper based examination. The written test consists of Part-A (objective type questions), and Part-B (descriptive type questions) for 100 marks.<br>(ii) भाग–क (50 प्रश्न) के वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में से प्रत्येक के लिए एक अंक होगा। Objective type questions in Part-A (50 questions) carry one mark each.<br>(iii) भाग–ख में विवरणात्मक प्रश्नों में शामिल (i) अनुवाद के लिए दो अनुच्छेद प्रत्येक 20 अंक के होंगे ; तथा (ii) विचार विस्तार (चार में से किन्हीं दो का ) प्रत्येक 5 अंक के होंगे। Descriptive type questions in Part-B consists of (i) two passages for translation carrying 20 marks each; and (ii) expansion of a given thought ( any two out of four thoughts) carrying 5 marks each.<br>(iv) लिखित परीक्षा की अवधि 2 घंटे की होगी (120 मिनट)। The written test shall be for a duration of two hours ( 120 minutes).<br>(v) जिन्हें लिखित परीक्षा में न्यूनतम 60 % अंक प्राप्त होंगे उन्हें उत्तीर्ण घोषित किया जाएगा । Those who secure minimum 60% marks in the written test shall be declared as qualified in the Written Test.<br>(vi) अभ्यर्थियों को मूल्यांकन परिणाम बनाम रिक्तियों के अनुसार न्यूनतम 10 अभ्यर्थियों के साथ 1:5 के अनुपात में कौशल परीक्षा के लिए बैचों में बुलाया जाएगा । Candidates shall be called in batches for skill test in the ratio 1:5 with a minimum of 10 candidates, as per the evaluation result vs vacancies.<br><br>(2) <u>कौशल परीक्षा / SKILL TEST</u><br>(i) कौशल परीक्षा पूर्णतः 'गो–नो–गो' के आधार पर होगी तथा कौशल परीक्षा में प्राप्त अंकों की गणना चयन हेतु नहीं की जाएगी। कौशल परीक्षा का आकलन 100-अंक स्केल पर किया जाएगा जिसमें अर्हता के लिए न्यूनतम 60% अंक प्राप्त करने होंगे।<br>The skill test will be purely on 'go-no-go' basis and marks obtained in the skill test will not be considered for final selection. The skill test will be evaluated on a 100-point scale with minimum 60% for qualification.</td></tr>
</table>

| | |
|---|---|
| | (ii) कौशल परीक्षा में The Skill Test consists of<br>(a) सार लेखन के लिए दो अनुच्छेद प्रत्येक 20 अंक के होंगे, और<br>Two passages for precis writing, carrying 20 marks each, and<br>(b) हिन्दी से अंग्रेजी और विपरीतत: अनुवाद के लिए दो अनुच्छेद प्रत्येक 30 अंक के शामिल होंगे।Two passages for translation from Hindi to English and vice versa, carrying 30 marks each.<br>(iii) कौशल परीक्षा की अवधि 2 घंटे की होगी (120 मिनट)। The skill test shall be for a duration of two hours (120 minutes).<br>(iv) जिन्हें कौशल परीक्षा में न्यूनतम 60% अंक प्राप्त होंगे उन्हें उत्तीर्ण घोषित किया जाएगा । Those who secure minimum 60% marks in the skill test shall be declared as qualified.<br>(v) **लिखित परीक्षा में न्यूनतम 60% अंक** प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों की ही कौशल परीक्षा की उत्तर पत्रिका का मूल्यांकन किया जाएगा। The answer scripts of skill test in respect of candidates who secure **minimum 60% marks in WRITTEN TEST PAPER** only shall be, evaluated.<br>(vi) योग्य अभ्यर्थियों में से अंतिम चयन पुर्णतया लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर किया जाएगा। कौशल परीक्षा में न्यूनतम 60% अंकों के साथ उत्तीर्ण होने वाले अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा में प्राप्त होने वाले अंकों के क्रम में पैनल में शामिल किया जाएगा। The final selection shall be done amongst qualified candidates purely based on the scores obtained in the written test. From amongst candidates who qualify in the skill test with minimum 60% marks, empanelment shall be done in the order of marks obtained in the written test.<br>(vii) लिखित परीक्षा एवं कौशल परीक्षा का पाठ्यक्रम **अनुबंध–I** में दर्शाया गया है। The syllabus of the Written Test and Skill Test is at **Annexure I**. |
| **पद कोड POST CODE-02**<br><br>**कैंटीन पर्यवेक्षक**<br>**Catering Supervisor** | **(1) लिखित परीक्षा / WRITTEN TEST**<br>(i) पहले लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। लिखित परीक्षा कागज़-कलम आधारित होगी। लिखित परीक्षा में 200 अंकों हेतु भाग–क (वस्तुनिष्ठ प्रश्न) एवं भाग–ख (विवरणात्मक प्रश्न ) शामिल है।<br>First, Written Test will be conducted. The Written Test will be a pen-paper based examination. The written test consists of Part-A (objective type questions), and Part-B (descriptive type questions) for 200 marks.<br>(ii) लिखित परीक्षा निम्नानुसार होगी। The written test consists of :<br>भाग-(क) (वस्तुनिष्ठ प्रश्न) अंक- 180<br>(i) Part-A (objective type questions) for 180 marks,<br>निम्नलिखित विषयानुसार कुल 90 प्रश्न होंगे, जिसमे प्रत्येक के 2 अंक होंगे : |

There will be total 90 Questions each carrying 02 marks, based on the following subjects:

a) सामान्य अंग्रेजी General English – 10 प्रश्न / questions
b) अंकगणित Arithmetic – 10 प्रश्न/ questions
c) सामान्य ज्ञान/समसमायिक ज्ञान General Knowledge/Current Affairs – 10 प्रश्न /questions
d) पाठ्यक्रम आधारित Curriculum based questions – 60 प्रश्न /questions

(ii) और ,भाग-ख (विवरणात्मक प्रश्न) अंक- 20। इसमें प्रत्येक 5 अंक के कुल 04 प्रश्न होंगे। And, Part-B (descriptive type questions) for 20 marks. Total No. of Questions: 04, each carrying 5 marks.

**(iii) <u>उत्तीर्ण मानदंड</u>**: अभ्यर्थी को भाग- क और भाग-ख दोनों में पृथक रूप से अर्हता प्राप्त करनी होगी। भाग-क और भाग-ख के लिए न्यूनतम अर्हता अंक 40% है।

**<u>Pass Criterion:</u>** The candidate has to qualify both part- A and Part – B, separately. The minimum qualifying marks for Part-A is 40% and of Part-B is 40%.

(iv) लिखित परीक्षा की अवधि 2 घंटे की होगी (120 मिनट)। The written test shall be for a duration of two hours ( 120 minutes).

(v) **<u>लिखित परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम /Syllabus of the Written Test:</u>**

कैटरिंग तथा होटल प्रबंधन के क्षेत्र से, जिसमें **भोजन तैयार करने, भोजन सेवाएं, हाउसकीपिंग तथा फ्रंट ऑफिस इत्यादि विषय शामिल होंगे, आधुनिक रसोई उपकरणों के बारे में ज्ञान**, सामान्य ज्ञान/समसमायिक ज्ञान, सामान्य अंग्रेजी, अंकगणित (मैट्रिक स्तर) संबंधी प्रश्न होंगे। (लिखित परीक्षा इस प्रकार आयोजित की जाएगी, जिससे निर्धारित पाठ्यक्रम को विस्तार और गहराई से सम्मिलित करते हुए अभ्यर्थी के सैद्धांतिक और प्रायोगिक ज्ञान की जाँच की जा सके।) Questions pertaining to Catering and Hotel Management areas **covering food production, food services, housekeeping and front office etc**., **Knowledge about Modern Kitchen equipment,** General Knowledge/Current Affairs, General English, Arithmetic (matriculation level). (Written test shall be conducted in such a way that, theoretical and practical knowledge of the candidate is tested covering both breadth and depth of the prescribed curriculum.)

(vi) लिखित परीक्षा के अंक के आधार पर ,अभ्यर्थी को कौशल परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा। अभ्यर्थियों को मूल्यांकन परिणाम बनाम रिक्तियों के अनुसार न्यूनतम 10 अभ्यर्थियों के साथ 1:5 के अनुपात में कौशल परीक्षा के लिए बैचों में बुलाया जाएगा । Based on the written test scores, candidates shall be called for skill test. Candidates shall be called in batches for skill test in the ratio 1:5 with a minimum of 10 candidates, as per the evaluation result vs vacancies.

| | |
|---|---|
| | **2.कौशल परीक्षा / SKILL TEST**<br>(i) कौशल परीक्षा पूर्णतः '**गो–नो–गो**' आधार पर होगी तथा कौशल परीक्षा में प्राप्त अंकों की गणना अंतिम चयन हेतु नहीं की जाएगी। कौशल परीक्षा का आकलन **100-अंक स्केल पर किया जाएगा जिसमें अर्हता के लिए न्यूनतम 60% अंक प्राप्त करने होंगे।**<br>The skill test will be purely on '**go-no-go**' basis and marks obtained in the skill test will not be considered for final selection. The skill test will be evaluated on a **100-point scale with minimum 60% for qualification**.<br>(ii) कौशल परीक्षा में न्यूनतम 60% अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों का लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर पैनल तैयार किया जाएगा। From amongst candidates who qualify in the skill test with minimum 60% marks, empanelment will be done in the order of marks obtained in the written test.<br>(iii) लिखित परीक्षा में एक समान अंक प्राप्त होने पर, अधिसूचित अर्हता में प्राप्त शैक्षणिक अंक टाई-ब्रेकर के लिए मान्य होंगे। In case of a tie in the written test scores, the academic scores of the notified qualification shall be the tie-breaker. |

| **महत्वपूर्ण सूचना IMPORTANT INFORMATION :** | |
|---|---|
| 1. | अभ्यर्थियों को सुनिश्चित करना होगा कि वे पात्रता मानदंडों और विज्ञापन में निहित आवश्यकताओं को पूर्ण करते हैं। अत: अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि विज्ञापन को ध्यानपूर्वक पढ़ें एवं आवेदन फार्म पूर्ण रूप से भरें और इस संबंध में दिए गए अनुदेशों के अनुसार आवेदन प्रस्तुत करें।<br>It is for candidates to ensure that he/she fulfils the eligibility criteria and the requirements contained in this advertisement. Candidates are, therefore urged to carefully read the advertisement and complete the application form and submit the same as per instructions given in this regard. |
| 2. | ऊपर दर्शायी गई रिक्तियां अनंतिम हैं तथा संगठन की वास्तविक आवश्यकताओं के आधार पर बढ़ाई या घटाई जा सकती हैं। प्रशासनिक आवश्यकतानुसार, किसी भी पद को न भरने का अधिकार केंद्र के पास सुरक्षित है।<br>The number of vacancies indicated above are provisional and may be increased or decreased depending on the actual requirements of the Organisation. The Centre reserves the right to cancel recruitment at any stage / not to fill-up any of the post, as per administrative convenience. |
| 3. | लिखित परीक्षा अहमदाबाद में आयोजित की जाएगी। परीक्षा केन्द्र को बदलने /आवंटित करने का अधिकार सैक के पास सुरक्षित है। Written Test will be conducted at Ahmedabad. SAC reserves the right to change/allocate the examination centre. |
| 4. | स्क्रीन-इन हुए अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा हेतु सूचना मात्र ई-मेल/ सैक वेबसाइट के माध्यम से ही दी जाएगी। अतः आवेदन प्रस्तुत करते समय अभ्यर्थी अपने सही ई-मेल आईडी अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। इसके अलावा, अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने ई-मेल की नियमित रुप से जाँच करते रहें और समय–समय पर सैक वेबसाइट देखते रहें। सैक /इसरो, अभ्यर्थियों को उनके कारण सूचना प्राप्त न होने के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।<br>Intimation to screened-in candidates for Written Test/Skill Test will be sent through E-mail / SAC website only. For this purpose, candidates are required to furnish their |

| | |
|---|---|
| | E-mail ID correctly and compulsorily while submitting the application. Moreover, the applicants are advised to check their e-mail regularly and visit the SAC website from time to time. SAC/ISRO will not be responsible for non-receipt of intimation to the candidates, attributable to them. |
| 5. | जो **11.07.2023** तक अनिवार्य अर्हता पूर्ण करते हैं, केवल वही आवेदन करें। Those who possess the required qualification as on **11.07.2023** only need to apply. |
| 6. | यदि ऑनलाइन आवेदन में दी गई सूचना भर्ती प्रक्रिया के किसी स्तर पर गलत/अपूर्ण पाई जाती है तो उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। If any information furnished in the online application is found false/incomplete at any stage of recruitment process, the candidature will be cancelled. |
| 7. | अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा के समय सत्यापन हेतु आवेदन में दिए गए विवरण के साक्ष्य के रूप में मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। उक्त दस्तावेजों को प्रस्तुत न करने पर उन्हें कौशल परीक्षा में भाग लेने की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी और उन्हें किसी यात्रा भत्ते का भुगतान नहीं किया जाएगा। Candidates will have to produce original documents in proof of the details furnished in their application for verification at the time of Skill Test. Those who fail to produce the said documents will not be allowed to attend the Skill Test and TA will not be paid. |
| 8. | लिखित परीक्षा तिथि/केन्द्र अथवा कौशल परीक्षा तिथि/केन्द्र अथवा पत्राचार के लिए ई-मेल आईडी अथवा ऑनलाइन आवेदन में प्रस्तुत अन्य सूचना में परिवर्तन के लिए किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा I Any request for change of written test date/centre or skill test date/centre or e-mail id for communication or any other information furnished in online application will not be entertained. |
| 9. | **अनापत्ति प्रमाण पत्र :** वे अभ्यर्थी, जो केंद्र/राज्य सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, स्वायत्त निकायों इत्यादि में नियोजित हैं, उन्हें कौशल परीक्षा के समय अथवा कभी मांगने पर, अपने संबंधित नियोक्ता से **'अनापत्ति प्रमाण पत्र'** प्रस्तुत करना होगा । हालांकि, अभ्यर्थियों को किसी भी पद के लिए आवेदन अपने नियोक्ता को सूचित करते हुए तथा उनकी पूर्व अनुमति के बाद ही करना है। वह अभ्यर्थी, जो पद हेतु आवेदन देने के बाद रोजगार प्राप्त/रोजगार बदलते हैं, उन्हें अपने आवेदन के विवरण के बारे में नियोक्ता को सूचित करना होगा और कौशल परीक्षा के समय अनापत्ति प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा। यदि कोई भी अभ्यर्थी कौशल परीक्षा के समय अनापत्ति प्रमाण पत्र की मूल प्रति प्रस्तुत नहीं कर पाता/पाती हैं, तो उन्हें कौशल परीक्षा में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा उन्हें टी.ए ( परिवाहन भत्ता) भी नहीं दिया जायगा।<br>**No Objection Certificate:** Candidates who are employed under Central/State Government, Public Sector Undertakings, Autonomous Bodies etc. have to submit **'No Objection Certificate'** from the employer concerned, at the time of Skill Test or as and when called for. However, the candidate should apply for the post only under intimation to and with the prior permission of the employer. A candidate who may gain/change employment after applying for the post, is required to inform the employer the particulars of his/her application and shall mandatorily submit NOC at the time of Skill Test. Any candidate, who fails to submit NOC in original at the time of Skill Test, shall not be permitted to appear in the Skill Test and TA will not be paid. |
| 10. | एक ही पद के लिए उम्मीदवार द्वारा डुप्लिकेट/एक से अधिक जमा करने के मामले में, अंतिम आवेदन जिसके खिलाफ आवेदन शुल्क, आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को या उससे पहले प्राप्त किया गया है, आगे की प्रक्रिया के लिए विचार किया जाएगा। In case of submission of |

| | |
|---|---|
| | duplicate/multiple applications by the candidates for the same post, the last application against which the application fee has been received on or before the last date of submission of application shall be considered for further processing. |
| 11. | शैक्षणिक योग्यता के अंकों के पूर्णांकन करने की अनुमति नहीं है। आवेदक द्वारा दर्ज अंको का प्रतिशत दशमलव के बाद दो अंको तक होना चाहिए। Rounding–off of marks of educational qualifications is NOT allowed. The percentage of marks, as entered by the applicant, should be upto two digits after decimal. |
| 12. | इस विज्ञापन से उत्पन्न होने वाले किसी भी दावे या विवाद के संबंध में कोई भी कानूनी कार्यवाही अहमदाबाद में की जा सकती है; और केवल अहमदाबाद के न्यायालयों के पास ऐसे किसी भी कारण/विवादों को निपटाने का एकमात्र और अनन्य क्षेत्राधिकार होगा। Any legal proceedings in respect of any matter of claim or dispute arising out of this advertisement can be instituted in Ahmedabad; and the Courts at Ahmedabad only shall have sole and exclusive jurisdiction to try any such cause/disputes. |

## महत्वपूर्ण तिथियाँ /IMPORTANT DATES:

| | |
|---|---|
| **आवेदन के ऑन-लाइन पंजीकरण के लिए वेब-साइट लिंक खुलने की तिथि**<br>Web-site Link Opening date for on-Line Registration of Applications | **21.06.2023**<br>**(0900 hrs.)** |
| **ऑन-लाइन पंजीकरण और आवेदन शुल्क के भुगतान की समाप्ति की तिथि**<br>Closing date for on-line registration and payment of the application fees | **11.07.2023**<br>**(1730 hrs.)** |
| **उम्र की गणना, अनिवार्य अर्हता(एं) प्राप्त करने ,आदि ,जैसे सभी उद्देश्यों के लिए कट–ऑफ तिथि**<br>Cut-off date for all purposes like computation of age, acquiring essential qualification(s) , etc. | **11.07.2023** |

## संपर्क विवरण/ CONTACT DETAILS:

| | |
|---|---|
| **सामान्य पूछताछ के लिए**<br>For general queries | 079-2691 3022 / 31 |
| **ऑनलाइन आवेदन करने के दौरान तकनीकी पूछताछ के लिए**<br>For technical queries occurred during applying online | 079-2691 3130/ 57 |
| **ई – मेल पता**<br>Email address | ao_rr @sac.isro.gov.in |

**विज्ञापन में पूर्व से ही उपलब्ध सूचना के बारे में पूछताछ किए जाने पर उसका जवाब ई – मेल / टेलीफोन द्वारा नहीं दिया जाएगा। Queries for which information is available in the advertisement shall not be replied over phone/email.**

<table>
<tr><th colspan="2">आवेदन फॉर्म भरने हेतु सामान्य दिशा-निर्देश<br>GENERAL GUIDELINES FOR FILLING-UP OF THE APPLICATION FORM</th></tr>
<tr><td>1.</td><td>आवेदन पत्र भरते समय अनुदेशों का सावधानी से पालन करें।<br>Follow instructions carefully while filling application form.</td></tr>
<tr><td>2.</td><td>संबंधित कॉलम में अपेक्षित सही आंकड़े भरें।<br>Enter correct data in the relevant columns as required.</td></tr>
<tr><td>3.</td><td><u>फोटो हस्ताक्षर और दस्तावेज अपलोड करने हेतु दिशानिर्देश :</u><br><u>Guidelines for uploading Photo, Signature and Documents:</u><br><br>• आवेदन पत्र जमा करने के लिए उम्मीदवार को हाल ही के रंगीन पासपोर्ट आकार की तस्वीर और हस्ताक्षर अपलोड करना अनिवार्य है। निम्नलिखित दिशानिर्देशों का पालन करते हुए पासपोर्ट आकार फोटोग्राफ 1 एमबी से कम की जेपीईजी फाइल होनी चाहिए / It is mandatory for the candidate to upload recent Color Passport Size Photograph and signature to submit the application form. The Passport Size Photograph should be a JPEG file of less than 1 MB with the following guidelines to be followed:<br><br>➢ सेल्फी की अनुमति नहीं है। / No selfies allowed.<br>➢ पूरा चेहरा स्पष्ट दिखाई देता हो।/ Frontal view of the full face is visible.<br>➢ बैकग्राउंड सादा/सफ़ेद होना चाहिए।/ Background should be plain/white.<br>➢ धुंधली तस्वीर या हाल ही के रंगीन पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के अलावा किसी अन्य तस्वीर के साथ अपलोड किया गया आवेदन खारिज कर दिया जाएगा। Application with blurred photograph or any image uploaded other than the recent colored passport size photograph, such applications shall be summarily rejected.<br>➢ श्वेत-श्याम तस्वीरों की अनुमति नहीं है। / Black and white photographs not allowed.<br>1 एमबी से कम की जेपीईजी फाइल में अभ्यर्थी के हस्ताक्षर का अनुपात 7:2 (यदि चौड़ाई 70 पिक्सेल है तो ऊंचाई 20 पिक्सेल) होनी चाहिए।<br>The candidate's signature should have an aspect ratio of 7:2 (if width is 70 pixel then height should be 20 pixel) in JPEG file of less than 1 MB.<br><br>• ऑनलाइन आवेदन पोर्टल पर दिए गए निर्देशानुसार अनिवार्य अर्हता से संबंधित दस्तावेज अपलोड करना भी अनिवार्य है। It is also mandatory to upload documents pertaining to essential qualification as per guidelines in online application portal.</td></tr>
<tr><td>4.</td><td>आवेदन मात्र ऑन-लाइन माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन के पंजीकरण के लिए ऑन-लाइन भर्ती पोर्टल 21.06.2023 को 0900 बजे से 11.07.2023 को 1730 बजे तक उपलब्ध रहेगा। इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र भरने के लिए हमारी वेबसाइट https://www.sac.gov.in अथवा https://careers.sac.gov.in देखें। Applications will be received on-line only. The on-line recruitment portal will be available from 0900 hours on 21.06.2023 to 1730 hours on 11.07.2023 for registration</td></tr>
</table>

| | |
|---|---|
| | **of application.** Interested candidates may visit our web-site https://www.sac.gov.in OR https://careers.sac.gov.in for filling-up of online application form. |
| 5. | ऑनलाइन पंजीकरण पर आवेदक को एक ऑनलाइन पंजीकरण संख्या प्रदान की जाएगी जिसे भविष्य के संदर्भ के लिए सावधानीपूर्वक सुरक्षित रखना होगा। आवेदन सारांश का प्रिंट लें।<br>Upon online registration, applicants will be provided with an online Registration Number, which should be carefully preserved for future reference. Take print out of the application summary. |
| 6. | *से चिह्नित फील्ड अनिवार्य हैं और उन्हें आवश्यक रूप से भरा जाना है।<br>Field marked with * is a mandatory field and requires to be filled. |
| 7. | अनु. जाति/ अनु. जनजाति प्रमाण-पत्र, मानक दिव्यांगता प्रमाण-पत्र (पीडब्ल्यूबीडी) और पूर्व-सैनिकों के लिए डिस्चार्ज प्रमाण-पात्र / एन ओ सी नीचे दिए गए निर्धारित प्रपत्र में अपलोड किए जाएं\|<br>SC/ST Certificate, Persons with Benchmark Disabilities (PwBD) Certificate and Discharge Certificate/NOC for Ex-serviceman, should be uploaded in the prescribed format as given below:<br>अनुसूचित जाति Scheduled Caste<br>अनुसूचित जनजाति Scheduled Tribe<br>मानक दिव्यांग व्यक्ति Persons with Benchmark Disabilities<br>पूर्व-सैनिकों के लिए डिस्चार्ज प्रमाण-पात्र / एन ओ सी Discharge Certificate/NOC for Ex-serviceman. |
| 8. | **नोटः** आवेदन केवल एक बार प्रस्तुत किया जा सकता है। 'SUBMIT' बटन क्लिक करना एक निर्णायक चरण है, क्योंकि इसके बाद कोई भी सुधार नहीं किया जा सकेगा। इसलिए प्रस्तुत करने से पूर्व एक बार फिर से सुनिश्चित करें कि जानकारी सही है।<br>**NOTE:** Application can be submitted only once. Hence clicking the 'SUBMIT' button is a critical step, as no corrections will be possible subsequently. So you should ensure once again that the information is correct before submitting. |

**शुल्क का भुगतान / PAYMENT OF FEES**
**सभी पदों हेतु / FOR ALL THE POST CODES.**

प्रारंभ में सभी अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क के रूप में रु.750 (लागू करों/शुल्कों को छोड़कर) का भुगतान करना होगा। शुल्क मुक्त श्रेणी से संबंधित अभ्यर्थियों को पूर्ण शुल्क वापस कर दिया जाएगा। अन्य अभ्यर्थियों को रु. 250/- का आवेदन शुल्क छोड़-कर शेष रु.500/- वापस कर दिए जाएंगे।

Initially all candidates have to uniformly pay Rs. 750/- as application fee (excluding applicable taxes/ charges). Candidates belonging to fee-exempted categories, will be refunded full fee. Other candidates will be refunded Rs. 500/- after retaining the application fee of Rs. 250/-.

*सभी महिला, अनुसूचित जाति (अ.जा.), अनूसूचित जन जाति (अ.ज.जा.), पूर्व सैनिक (ईएसएम) तथा मानक दिव्यांग व्यक्ति (पीडब्ल्यूबीडी) अभ्यर्थी शुल्क-मुक्त श्रेणी में आते हैं। All Women, Scheduled Castes (SC), Scheduled Tribes (ST), Ex-servicemen (ESM) and Persons with Benchmark Disabilities (PwBD) candidates belong to fee-exempted categories.*

**<u>नोट/Note:</u> मात्र उन्हीं अभ्यर्थियों के लिए शुल्क वापस करने हेतु विचार किया जाएगा जो लिखित परीक्षा में शामिल होंगे। (सभी पद कोड के लिए लागू) Grant of refund will be considered only to such candidates who appear in the written test.(applicable to all the post codes).**

शुल्क की वापसी हेतु आवेदक को अपना सही खाता विवरण उपलब्ध कराना होगा। अभ्यर्थी द्वारा उपलब्ध कराए गए गलत खाता विवरण के कारण यदि उन्हें शुल्क वापस नहीं प्राप्त होता है तो इसके लिए सैक (इसरो) उत्तरदायी नहीं होगा। Applicant should furnish the Correct bank account details for refund of fee. SAC(ISRO) shall not be held responsible, if the candidate does not receive the refund amount due to incorrect bank account details provided by the candidate.

आवेदन फॉर्म में पूर्ण विवरण भरने के पश्चात्, अभ्यर्थी **'भुगतान करें'** पृष्ठ की ओर पुन:निर्देशित किया जाएगा। भुगतान पोर्टल द्वारा पुन:निर्देशितानुसार अभ्यर्थी दिए गए अनुदेशों का अनुसरण कर सकता है। एक बार भुगतान की पुष्टि प्राप्त होने पर, अभ्यर्थी को एक पुष्टि संदेश एवं ई-मेल प्राप्त होगा। After completely filling up all the details in the application form, Candidates will be re-directed to **'Make Payment'** option. Candidates may follow the instructions as re-directed by the payment portal. Once the payment is confirmed, the candidate will receive a confirmation message and mail.

**नोट : शुल्क के भुगतान के लिए कोई विस्तार योग्य तिथि नहीं है। आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि ही शुल्क के भुगतान की अंतिम तिथि होगी।**

**Note: There is no extended date for the payment of fees. The last date of filling-up of the application form shall also be the last date for the payment of fees.**

| **<u>सामान्य शर्तें GENERAL CONDITIONS:</u>** | |
|---|---|
| 1. | **केवल भारतीय** नागरिक आवेदन करें।<br>**Only Indian Nationals** need to apply. |
| 2. | सभी पद अस्थायी है, लेकिन निरंतर रहने की संभावना है।<br>The posts are temporary, but likely to continue. |
| 3. | **किसी भी रूप में प्रभाव डालने का प्रयास करने वाले उम्मीदवारों को अयोग्य घोषित किया जाएगा।**<br>**CANVASSING IN ANY FORM WILL BE A DISQUALIFICATION.** |
| 4. | **किसी भी अंतरिम पत्राचार/फोन कॉल पर विचार नहीं किया जाएगा।**<br>**No interim correspondence/phone calls will be entertained.** |
| 5. | **कोई भी परिशिष्ट/ अद्यतन/ शुद्धिपत्र केवल सैक वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।** अभ्यर्थी नवीनतम अद्यतन सूचना हेतु सैक वेबसाइट www.sac.gov.in या careers.sac.gov.in नियमित रूप से देखते रहें।<br>**Any Addendum/Update/ Corrigendum will only be published on SAC website.** Candidates should regularly visit the SAC website www.sac.gov.in or careers.sac.gov.in for latest updates. |
| 6. | कौशल परीक्षा के लिए शहर के बाहर से बुलाए गए अभ्यर्थियों को यात्रा का साक्ष्य प्रस्तुत करने पर ऑनलाइन आवेदन में दिए गए पते से कौशल परीक्षा स्थल तक आने-जाने का द्वितीय श्रेणी रेलवे का लघुतम दूरी का किराया, एसी रहित बस का किराया अथवा |

| | |
|---|---|
| | वास्तविक किराया, जो भी कम हो, प्रदान किया जाएगा चाहे यात्रा रेल, बस, हवाई, इत्यादि किसी भी माध्यम से की गई हो। **लिखित परीक्षा में भाग लेने हेतु कोई यात्रा भत्ता प्रदान नहीं किया जाएगा।**<br>Outstation Candidates called for Skill Test will be paid to and fro Second Class Railway Fare or non-A/C Bus fare or actual fare whichever is less as per shortest distance from the address given in on-line application to the place of skill test on production of proof of journey, irrespective of the mode of journey viz., Rail, Bus, Air, etc. **No TA will be paid for appearing in Written Test.** |
| 7. | प्रारंभ में नियुक्ति स्थल सैक, अहमदाबाद होगा, परंतु पदधारी को जब और जैसी आवश्यकता हो, भारत के किसी भी स्थान में स्थित इसरो या अंतरिक्ष विभाग के किसी भी केंद्र/यूनिट में तैनात किया जा सकता है।<br>Initially the place of posting will be in SAC Ahmedabad; but the incumbents are liable to be posted in any of the Centres/Units of ISRO or Department of Space situated anywhere in India as and when required. |
| 8. | चयनित अभ्यर्थियों को चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा योग्य घोषित किए जाने पर तुरंत पदभार ग्रहण करना होगा।<br>Selected candidates may have to join the post immediately on being found fit by a Medical Authority. |

**विज्ञापन के अंग्रेजी /हिन्दी में किसी भी खंड की व्याख्या की अस्पष्टता के मामले में, सैक का निर्णय अंतिम होगा। In case of any ambiguity/dispute arises on account of interpretation of any clause either in Hindi/English of this advertisement, the decision of SAC will be final.**

सरकार ऐसे कार्यबल हेतु प्रयास कर रही है जिसमें लैंगिक संतुलन हो, अतः महिला उम्मीदवारों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।
Government strives to have a workforce which reflects gender balance and so women candidates are encouraged to apply.

(ऑनलाइन आवेदन पंजीयन हेतु भर्ती पोर्टल 21.06.2023 के 0900 बजे से 11.07.2023 के 1730 बजे तक खुला रहेगा।)
(Online recruitment portal will be open from 0900 hours on 21.06.2023 to 1730 hours of 11.07.2023 for online registration of application)

**अपने आवेदन की अद्यतन स्थिति की जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट www.sac.gov.in या careers.sac.gov.in देखें। VISIT OUR WEB-SITE www.sac.gov.in or careers.sac.gov.in FOR LATEST UPDATES ON THE STATUS OF YOUR APPLICATION.**

*संलग्नक -I*

**<u>कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी के लिए पाठ्यक्रम</u>**

**<u>लिखित परीक्षा</u>**

1. **<u>वस्तुनिष्ठ प्रश्न</u>**
   - (i) सामान्य हिंदी
   - **(ii)** सामान्य अंग्रेजी } प्रत्येक एक अंक वाले 50 वस्तुनिष्ठ प्रश्न

   प्रश्न भाषा , शब्दों , पदबंधो के सही प्रयोग और साथ ही अभ्यर्थी की भाषा को सही एवं प्रभावशाली ढंग से लिखने के अभ्यर्थियों के ज्ञान की परीक्षा करने के लिए होंगे।

प्रश्न इस प्रकार के हो सकते हैं

- (i) हिंदी से अंग्रेजी एवं विपरीततः शब्दों का अनुवाद ;
- (ii) दो समान लगने वाले शब्दों में अंतर बताने के लिए वाक्यों में प्रयोग ;
- (iii) हिंदी तथा अंग्रेजी दोनों में वाक्यों में व्याकरण का सही प्रयोग ;
- (iv) पर्यायवाची एवं विलोम शब्द ; इत्यादि ।

2. **<u>विवरणात्मक प्रश्न</u>**

   विवरणात्मक प्रश्नों में

- (i) अनुवाद के लिए दो अनुच्छेद प्रत्येक 20 अंक के होंगे ; तथा
- (ii) विचार विस्तार (चार में से किन्ही दो का ) प्रत्येक 5 अंक के होंगे ।

**<u>कौशल परीक्षा</u>**

कौशल परीक्षा में_(i) सार लेखन के लिए दो अनुच्छेद प्रत्येक 20 अंक के होंगे ; और (ii) हिंदी से अंग्रेजी और विपरीततः अनुवाद के लिए दो अनुच्छेद प्रत्येक 30 अंक के , शामिल होंगे ।

## SYLLABUS FOR JUNIOR TRANSLATION OFFICER (JTO)

## WRITTEN TEST

### 1. OBJECTIVE TYPE QUESTIONS

(i) General Hindi
(ii) General English } 50 objective type questions carrying one mark each.

The questions shall be to test the knowledge of the candidates in understanding the language , correct usage of words, Idioms and Phrases. The questions could be in the nature of

(i) Translation of words in Hindi to English and vice-versa;
(ii) Making sentences to bring out the difference between two similar sounding words;
(iii) Correct usage of grammar in sentences both in Hindi and English
(iv) Synonyms and Antonyms : etc.

### 2. DESCRIPTIVE TYPE QUESTIONS

Descriptive type questions, consist of

(i) Two passages for translation from Hindi to English and vice versa, carrying 20 marks each; and
(ii) Expansion of a given thought (any two out of four thoughts) carrying 5 marks each.

## SKILL TEST

Two passages, one each in Hindi and English, for precis writing carrying 20 marks each, and two passages for translation from Hindi to English and vice versa, carrying 30 marks each.